राजकीय महाविद्यालय जुखाला बिलासपुर (हि०प्र०–174033

Phone and Fax 01978-286201, E-mail :principalgcjukhala@gmail.com Website : https://gcjukhal.ac.in/. Twitter :https://twitter.com/jukhalanss?t=vnvikrvuEKLgPZVi7kYufw&s=08

दो स्वयंसेवियों का राज्य स्तरीय प्री आर . डी . प्रशिक्षण के लिए चयन

राजकीय महाविद्यालय जुखाला के दो स्वयंसेवियों का चयन राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय प्री आर . डी. प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ है। यह प्रशिक्षण 6 नवम्बर 2025 को राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय, चौड़ा मैदान (कोटशेरा) में आयोजित किया जाएगा। इससे पूर्व, राष्ट्रीय सेवा योजना का जिला स्तरीय प्री आर . डी. प्रशिक्षण शिविर 17 सितम्बर 2025 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित हुआ था, जिसमें जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के स्वयंसेवियों ने भाग लिया था। जुखाला महाविद्यालय से पाँच स्वयंसेवी–नितिन शर्मा, अमित, नीरज शर्मा, मानसी शर्मा एवं स्नेहा–ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया था। इनमें से मानसी शर्मा (कला स्नातक द्वितीय वर्ष) एवं नीरज शर्मा (कला स्नातक द्वितीय वर्ष) का चयन राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के लिए किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह ने दोनों स्वयंसेवियों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अमन शर्मा सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने भी चयनित स्वयंसेवियों को आगामी प्रशिक्षण हेतु शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Scanned with OKEN Scanner



जुखाला महाविद्यालय के दो स्वयंसेवी राज्य स्तरीय प्री आरडी प्रशिक्षण के लिए चयनित

प्री आरडी प्रशिक्षण शिविर के लिए चयनित स्वयंसेवी। स्रोत : कॉलेज प्रबंधन

संवाद न्यूज एजेंसी

जुखाला (बिलासपुर)। राजकीय महाविद्यालय जुखाला के दो स्वयंसेवियों का चयन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के राज्य स्तरीय प्री आरडी प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ है। यह प्रशिक्षण 6 नवंबर को राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय चौड़ा मैदान (कोटशेरा) में होगा।

इससे पूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना का जिला स्तरीय प्री आरडी प्रशिक्षण शिविर 17 सितंबर को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में हुआ था। जुखाला महाविद्यालय से स्वयंसेवी

6 नवंबर को राजीव गांधी राजकीय कॉलेज चौड़ा मैदान में होने वाले प्रशिक्षण में लेंगे भाग

नितिन शर्मा, अमित, नीरज शर्मा, मानसी शर्मा और स्नेहा ने प्रशिक्षण में भाग लिया था। इनमें से मानसी शर्मा और नीरज शर्मा का चयन राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के लिए किया गया है। प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह ने दोनों स्वयंसेवियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अमन शर्मा सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने भी चयनित स्वयंसेवियों को आगामी प्रशिक्षण हेतु शुभकामनाएं दीं।

150 विद्यार्थियों ने किया शैक्षणि...

सहायक आचार्य अमन शर्मा,
एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Programme Officer NSS
G.C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Principal
G. C. Jukhal
Bilaspur

Scanned with OKEN Scanner